Website : www.prsuniv.ac.in
E-mail ID- sportsecretaryasua@gmail.com

# क्रीड़ा परिषद्
# प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज
## सरस्वती हाईटेक सिटी नैनी, प्रयागराज-211010

दिनांक 07, अक्टूबर, 2023

पत्रांक : प्रोरासिविवि / क्री0प0 / 2023– 02

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय,
प्रयागराज।

**विषय–अन्तर्महाविद्यालयीय प्रतियोगिता कराने हेतु आवेदन के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि अखिल भारतीय विश्वविद्याल संघ द्वारा शैक्षिक सत्र 2023–24 का खेलकूद कैलेंडर जारी कर दिया गया है, जिसमें अधिकांश खेलो का दिनांक / स्थान निश्चित नही किया गया है। विगत वर्षों की भांति प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज के अन्तर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिताओं का **कैलेंडर वर्तमान सत्र 2023–24 जारी करने के क्रम में निम्नलिखित वांछित सूचनाएं दिनांक 12.10.2023 तक क्रीड़ा परिषद विभाग के E-mail ID- sports@prsuniv.ac.in / रजिस्टर डाक द्वारा अपेक्षित है।**

1. आप अपने महाविद्यालय में किस खेल की अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता कराने के इच्छुक है? कृपया **संलग्न प्रारूप** पर नाम लिखकर प्रेषित करें।
2. क्या आपके महाविद्यालय में शासन द्वारा नियुक्त / विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित शारीरिक शिक्षक तैनात है ? यदि हां तो नाम एवं सम्पर्क सूत्र प्रदान करें।
3. जिस खेल की अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता आप आयोजित कराने के इच्छुक हैं। उसका मैदान / उपकरणों की सूची मय छाया चित्र के प्रदान करें।
4. सत्र 2022–23 में आयोजित अन्तर महाविद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगिता हेतु वि0वि0 द्वारा निर्गत अग्रिम धनराशि जों आपको आवंटित कि गयी थी उसके समायोजन का प्रमाण प्रस्तुत करें।
5. 2016 से 2022 तक आपके महाविद्यालय द्वारा अन्तर महाविद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगितायें यदि आयोजित की गयी है। तो उसके समायोजन से सम्बन्धित प्रमाण भी प्रस्तुत करें।
6. आपके महाविद्यालय में कार्यरत यदि किसी शिक्षक को अग्रिम धनराशि वि0वि0 द्वारा निर्गत की गयी हैं (अखिल भारतीय / उत्तर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिताओं में टीम मैनेजर / प्रशिक्षक के रूप में) तो कृपया आपसे अनुरोध है कि शासन द्वारा बार–बार इनके समायोजन के लिए कार्यवाही किये जाने / आपत्ति के निराकरण हेतु कठोर कार्यवाही की आदेश मिल चुके हैं। नियमानुसार अस्थाई अग्रिमो का समायोजन उसी वित्तीय वर्ष में किया जाना चाहिए। आपसे अपेक्षा की जाती है कि आपके अधीनस्थ कार्यरत ऐसे शिक्षकों का संज्ञान लेने एवं अग्रिमों के समायोजन किये जाने एवं अन्य पत्रजात हेतु आदेशित करने का कष्ट करें।

अतः आपसे अनुरोध है उपरोक्त सभी सूचनाए दिनांक 12.10.2023 तक संलग्न प्रारूप पर अवश्य भेजने की कृपा करें, जिससे स्पोर्ट्स कैलेण्डर तैयार किया जा सके।

**संलग्नकः–** यथोक्त।

डॉ0 (भास्कर शुक्ल) 6/10/23
क्रीड़ा सचिव

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. माननीय कुलपति जी।
2. वित्त अधिकारी।
3. कुलसचिव।
4. एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों की कालेज लॉगिन एवं वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

क्रीड़ा सचिव

Scanned with OKEN Scanner

Website : www.prsuniv.ac.in E-mail ID- sportsecretaryasua@gmail.com

क्रीड़ा परिषद्
प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज
सरस्वती हाईटेक सिटी नैनी, प्रयागराज-211010

# महाविद्यालय द्वारा प्रतियोगिता आयोजित कराए जाने हेतु पत्र/प्रस्ताव का प्रारूप

सेवा में,

कुलसचिव/क्रीड़ा सचिव,
प्रो0 राजेन्द्र सिंह(रज्जू भय्या)विश्वविद्यालय, प्रयागराज
प्रयागराज।

विषयः—महाविद्यालय में सत्र 2023—24 में अर्न्तमहाविद्यालयीय प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपके कार्यालय पत्रांक पीआरएसयू/क्रीड़ा/........./2023,दिनांक.............. 2023 के क्रम में अवगत कराना है विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद द्वारा प्रदत्त खेल सूची में से हमारा महाविद्यालय वरीयता क्रमानुसार अधोलिखित खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन में सक्षम है, एवं आयोजन हेतु अपेक्षित अनुमति चाहता हैः—

1.

2.

3.

अतः उपर्युक्त वर्णित प्रतियोगिताओं को सम्पन्न कराने हेतु अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

भवदीय

(प्राचार्य)
महाविद्यालय का नाम
मो0 नं0—
ई—मेल—

Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | तीरंदाजी (महिला/पुरूष) | 13 | बैडमिन्टन (महिला/पुरूष) |
| 02 | एथलेटिक्स (महिला/पुरूष) | 14 | बॉस्केट बॉल (महिला/पुरूष) |
| 03 | बॉक्सिंग (महिला/पुरूष) | 15 | क्रिकेट (महिला/पुरूष) |
| 04 | क्रास कंट्री (महिला/पुरूष) | 16 | फुटबाल (महिला/पुरूष) |
| 05 | जिम्नास्टिक (महिला/पुरूष) | 17 | हैण्डबाल (महिला/पुरूष) |
| 06 | जूडो (महिला/पुरूष) | 18 | हॉकी (महिला/पुरूष) |
| 07 | भारोत्तोलन/पावर लिफ्टिंग (महिला/पुरूष) | 19 | कबड्डी (महिला/पुरूष) |
| 08 | रोईंग (महिला/पुरूष) | 20 | खो–खो (महिला/पुरूष) |
| 09 | सॉफ्ट टेनिस (महिला/पुरूष) | 21 | टेबल–टेनिस (महिला/पुरूष) |
| 10 | स्क्वैश (महिला/पुरूष) | 22 | लॉन टेनिस (महिला/पुरूष) |
| 11 | ताइक्वांडो (महिला/पुरूष) | 23 | वालीबॉल (महिला/पुरूष) |
| 12 | कुश्ती (महिला/पुरूष) | 24 | तैराकी (महिला/पुरूष) |
| 25 | कराटे (महिला/पुरूष) | 26 | योगा (महिला/पुरूष) |
| 27 | थ्रो बॉल (महिला/पुरूष) | 28 | निशानेबाजी (महिला/पुरूष) |
| 29 | शतरंज (महिला/पुरूष) | 30 | तलवार बाजी (महिला/पुरूष) |
| 31 | सर्किल स्टाइल कबड्डी (महिला/पुरूष) | 32 | सिक्स–ए–साइड क्रिकेट (महिला/पुरूष) |
| 33 | ग्रैपलिंग (महिला/पुरूष) | 34 | कैनोईंग एवं कैकिंग (महिला/पुरूष) |
| 35 | वूशु (महिला/पुरूष) | | |



Scanned with OKEN Scanner